# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड

## ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

## सहायक प्रबंधक (राजभाषा)

### 1. <u>परीक्षा योजना</u> :

इस परीक्षा में निम्नलिखित प्रश्नावलियां होंगी :

| क्र.सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | ऑनलाइन परीक्षा पेपर-I (वस्तुनिष्ठ प्रकार) | | | | |
| 1 | तर्कशक्ति | 35 | 35 | द्विभाषी अर्थात् हिन्दी और अंग्रेजी (अंग्रेजी भाषा को छोड़कर) | 30 मिनट |
| 2 | अंग्रेजी भाषा | 35 | 35 | | 30 मिनट |
| 3 | सामान्य जागरूकता (बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वाणिज्य एवं संबंधित विषयों के विशेष संदर्भ में) | 35 | 35 | | 20 मिनट |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (राजभाषा नीति सहित) | 45 | 45 | | 40 मिनट |
| | **उप योग** | **150** | **150** | | |
| | ऑफलाइन परीक्षा पेपर - II | | | | |
| | वर्णनात्मक पेपर (राजभाषा) | 5 | 50 | | 60 मिनट |
| | **कुल योग** | | **200** | | |

(i) पेपर- I में (प्रश्नावली क्रम संख्या 1-4) अभ्यर्थी द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का ¼ भाग दंडस्वरूप काट लिया जाएगा।

(ii) **पेपर-II (कंप्यूटर/पेपर आधारित) :** पेपर-II अभ्यर्थी की अंग्रेजी से हिंदी और इसके विपरीत में अनुवाद कार्य करने तथा भारत सरकार की राजभाषा नीति की आधारभूत जानकारी की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए 50 अंक का एक घंटे की अवधि का होगा ।

**नोट:** (i) पेपर-I और पेपर-II परीक्षा उसी दिन उसी सत्र में बिना किसी अंतराल के आयोजित की जाएगी।

(ii) पेपर-I (सिवाय अंग्रेजी भाषा के टेस्ट के) और पेपर-II हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में तैयार किए जाएंगे। अभ्यर्थी परीक्षा का उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी (जैसा लागू हो) में दे सकते हैं। अभ्यर्थी साक्षात्कार हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते हैं।

(iii) केवल उन्हीं अभ्यर्थियो के पेपर-II का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार पेपर-I की सभी प्रश्नावलियो में पर्याप्त रूप से उच्च समग्र अंक तथा न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त किए हों।

(iv) पेपर-I और पेपर-II में प्राप्त किए गए कुल अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए शार्टलिस्ट किया जाएगा।

(v) अंतिम रूप से चयन पेपर-I, पेपर-II और साक्षात्कार को किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

परीक्षार्थियों के पास पेपर-I के प्रश्नों को हिंदी या अंगेजी में चुनने का विकल्प उपलब्ध होगा । भाषा का विकल्प परीक्षा के आरंभ में ही चुनना होगा । हालांकि आवश्यकतानुसार, भाषा का विकल्प चुनने के बाद आप दो भाषाओं के बीच स्विच/टॉगल कर सकेंगे । परीक्षा के वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्रों के उत्तर माउस द्वारा सही विकल्प और उसके उपरांत 'Save and Next' पर क्लिक करके दिए जाएंगे ।

परीक्षा का समय 3 घंटा होगा, तथापि आपको परीक्षा स्थल पर लगभग 4 घंटे रहना होगा । इसमें उपस्थिति दर्ज करने, फोटो पहचान के प्रमाण के साथ प्रवेशपत्र जमा करने, लॉगिंग इन करने आदि में लगने वाला समय शामिल है ।

**पेपर-I वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र** : वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्रों में सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे । प्रत्येक प्रश्नावली की अवधि अलग-अलग है । उम्मीदवार किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों को केवल उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान हल कर सकते हैं । प्रश्न के पाँच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा । **आपको सही उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को जिसे आप सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह हाइलाइट हो जाएगा और 'Save and Next' के उपरान्त उसे उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। <u>आपके द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न विशेष के लिए निर्धारित अंक में से 1/4 अंक दंड स्वरूप काट लिए जाएंगे ।</u>**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, शुद्ध अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) प्रत्येक प्रश्नावली में अंकों को दशमलव सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

**पेपर-II वर्णनात्मक प्रश्नपत्र (राजभाषा नीति) :** प्रश्न कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाएंगे । इस उद्देश्य हेतु अलग दी गई उत्तर पुस्तिका में उत्तर लिखने होंगे।

**2. नमूना प्रश्न :**

नमूना प्रश्न: कृपया ध्यान दें कि इस सूचना पुस्तिका में दिए गए नमूना प्रश्न केवल उदाहरणात्मक हैं वास्तविक नहीं। वास्तविक परीक्षा में इनमें से कुछ या सभी प्रश्न उच्च कठिनाई स्तर के तथा यहां उल्लिखित प्रकारों से भिन्न प्रकारों के प्रश्न भी हो सकते हैं। कुछ नमूना प्रश्न नीचे दिए गए हैं।

## तर्कशक्ति

**प्र.1.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरू होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है । यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर X है ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.2.** यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाए से तेरहवां अक्षर कौन सा होगा ?
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z
(1) M (2) N (3) O (4) L (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** यदि शब्द "DEPRESSION" के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?
(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वीं हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वीं हो जाती है । पंक्ति में कितनी लडकियां हैं ?
(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5-9.** नीचे दी गई जानकारी पढ़कर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?

एक प्रसिध्द नाटककार के छह नाटक A, B, C, D, E और F सोमवार से शनिवार तक हर दिन एक खेला जाएगा । नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित के अनुसार होगा ।

(1) जिस दिन E खेला जाए, A उससे पूर्ववर्ती दिन को खेला जाना चाहिए

(2) C मंगलवार को नहीं खेला जाना चाहिए

(3) B उस दिन होना चाहिए जो F के मंचन के बाद वाला दिन हो

(4) D केवल शुक्रवार को खेला जाना चाहिए और उसके तुरंत पहले B नहीं खेला जाना चाहिए

(5) E कार्यक्रम के अंतिम दिन नहीं खेला जाना चाहिए

**प्र.5.** सोमवार से खेले जाने के क्रम में नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) E A B F D C (2) A F B E D C (3) A F B C D E

(4) F A B E D C (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** नाटक C मंगलवार के अतिरिक्त निश्चित रुप से निम्नलिखित में से किस दिन नहीं खेला जा सकता है ?

(1) सोमवार (2) बुधवार (3) गुरुवार (4) शुक्रवार (5) शनिवार

**प्र.7.** नाटक D नाटकों के निम्नलिखित में से किस जोड़े के बीच है ?

(1) C एवं E (2) E एवं F (3) A एवं E (4) B एवं E (5) C एवं F

**प्र.8.** निम्नलिखित में से कौन सा नाटक सोमवार को है ?

(1) E (2) A (3) F (4) B (5) C

**प्र.9.** निम्नलिखित में से कौन सा नाटक B के तुरंत बाद होगा ?

(1) F (2) E (3) D (4) C (5) A

## अंग्रेजी भाषा

**इस परीक्षा का उद्देश्य आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान के ज्ञान को जाँचना है । व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधी प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी ।**

**Q.1.** Read each sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem (3) / in varying degrees. (4) No error. (5)

**Q.2.** Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

Continuous unemployment has induced in the people a kind of ______ which is most depressing.

(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction

(4) anger (5) awakening

**Q.3-5.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true source of rights is duty. If we all (3) our duties, rights will not be (4) to seek. If leaving duties unperformed we run (5) rights, they will escape us like an elusive person.

**Q.3.** (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

**Q.4.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.5.** (1) as (2) after (3) at (4) from (5) for

## सामान्य जागरूकता (बैंकिंग अर्थशास्त्र, वाणिज्य एवं संबंधित विषयों के विशेष संदर्भ में)

**प्र.1.** नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL), एक इलेक्ट्रॉनिक सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी, IDBI, UTI, सरकारी और निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों एवं ---------- द्वारा 1996 में प्रोमोट किए गए थे।

(1) बंबई शेयर बाजार (BSE) लिमिटेड

(2) भारत का राष्ट्रीय शेयर बाजार (NSE) लिमिटेड

(3) भारत का मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (MCX) लिमिटेड

(4) इंडियन नेशनल मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (NMCE) लिमिटेड

(5) नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज (NCDEX) लिमिटेड

**प्र.2.** सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) के अनुसार, जो 2011 में शुरू हुई, भारत में परिवारों की कुल संख्या लगभग _______ है।

(1) 17.39 करोड़ (2) 19.39 करोड़ (3) 21.39 करोड़ (4) 24.39 करोड़ (5) 27.39 करोड़

**प्र.3.** केंद्र स्तर पर किन करों को जीएसटी में मिलाया जा रहा है?

(1) केंद्रीय उत्पाद शुल्क (2) अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (3) सेवा कर

(4) विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क (5) दिए गए सभी विकल्प

**प्र.4.** आरबीआई ने भारत में परिचालन कर रहे बैंकों पर लागू सीमा तक पूंजी विनियमन संबंधी बासेल III सुधारों के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। बासेल III पूंजी विनियमन तीन परस्पर सुदृढ़ीकरण स्तंभों पर आधारित हैं। इस संबंध में निम्न में से कौन-सा, ऐसे स्तंभों
का एक भाग नहीं है?

(1) न्यूनतम पूंजी आवश्यकता
(2) अधिकतम लाभ अर्जित करना
(3) पूंजी पर्याप्तता की पर्यवेक्षी समीक्षा
(4) बासेल II पूंजी पर्याप्तता ढांचे का विपणन क्षेत्र
(5) दिए गए सभी विकल्प स्तंभ हैं

## व्यावसायिक ज्ञान

**प्र.1.** नीचे दिये गये प्रश्नों मे से हरेक में एक वाक्य दिया गया है जिसे (1), (2), (3) और (4) भागों में बांटा गया है । वाक्य को पढकर ज्ञात कीजिये कि वाक्य में शब्दों के गलत प्रयोग, वर्तनी या व्याकरण की कोई त्रुटि तो नहीं है । त्रुटि अगर होगी तो वाक्य के किसी एक ही भाग मे होगी। इस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । अगर वाक्य त्रुटिहीन है तो उत्तर (5) दीजिये अर्थात त्रुटि नहीं ।

चालीस लडकों का एक मिला जुला / ठहाका उठा था और / कक्षा की छत पे टकरा कर /
(1) (2) (3)

सब का सब एकदम मेरे भीतर उतर गया था / त्रुटि नहीं
(4) (5)

**प्र.2.** नीचे दिए गए प्रश्नों में से एक शब्द समूह या वाक्यांश दिया गया है और फिर उसके बाद पाँच ऐसे शब्द सुझाए गए है जो कि इस पूरे वाक्यांश या शब्द समूह का अर्थ एक शब्द में स्पष्ट कर देते है। आपको वह शब्द ज्ञात कर उसको उत्तर के क्रम मे दर्शाना है।

जिसका कभी नाश न हो।

(1) अपनाश (2) निरामिष (3) अटल (4) अविनाशी (5) सर्व व्यापक

**प्र.3.** कार्यालय के कामकाज का अनुवाद करते समय भाषा, व्याकरण आदि के साथ साथ संस्था के कार्यक्षेत्र की शब्दावली को भी सही परिप्रेक्ष्य में समझना आवश्यक होता है, अन्यथा अनुवाद गलत हो सकता है । इस प्रश्न में दिया गया हिंदी शब्द कार्यालय के सामान्य प्रशासन से संबंधित है आपको उत्तर स्वरूप दिए गए पांच विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करना है जो प्रश्न में दिए गए शब्द का सटीक और स्वीकार्य अंग्रेजी शब्द हो ।

मूल्यवर्ग

(1) Nomination (2) Contribution (3) Denomination (4) Valuable (5) Demolition

**प्र.4.** कार्यालय के कामकाज का अनुवाद करते समय भाषा, व्याकरण आदि के साथ साथ संस्था के कार्यक्षेत्र की शब्दावली को भी सही परिप्रेक्ष्य में समझना आवश्यक होता है, अन्यथा अनुवाद गलत हो सकता है । इस प्रश्न में दिया गया अंग्रेजी शब्द कार्यालय के सामान्य प्रशासन से संबंधित है आपको उत्तर स्वरूप दिए गए पांच विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करना है जो प्रश्न में दिए गए शब्द का सटीक और स्वीकार्य हिंदी शब्द हो ।

Encashment

(1) रोकड़ना (2) भुनाना (3) निधि अंतरण (4) परिसमापन (5) विप्रेषण

**प्र.5.** इस प्रश्न में अंग्रेजी का एक वाक्य दिया गया है। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प को चिह्नित कीजिए जिसमें अंग्रेजी वाक्य का सबसे उपयुक्त हिंदी अनुवाद हो।

Banks were permitted to determine their own lending rates for their credit limits

(1) बैंकों को अपनी ऋण सीमाओं के लिए अपनी उधार दरों को स्वयं निर्धारित करने की अनुमति दी गई थी
(2) बैंक स्वयं ऋण सीमाओं के लिए अनुमत ऋण दरों को निर्धारित कर सकते थे
(3) बैंक उनकी ऋण सीमा के लिए ऋण दरों को निर्धारित करने की अनुमति प्राप्त कर लेते थे
(4) बैंक अनुमति लेकर अपनी ऋण सीमा के लिए अपनी ब्याज दरों को निर्धारित कर सकते थे
(5) बैंकों इतने सक्षम थे कि ऋण सीमा और उसकी ब्याज दर निर्धारित कर लें

**प्र.6.** इस प्रश्न में हिंदी का एक वाक्य दिया गया है। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प को चिह्नित कीजिए जिसमें हिंदी वाक्य का सबसे उपयुक्त अंग्रेजी अनुवाद हो। भुगतान एवं निपटान प्रणालियां समग्र आर्थिक कार्यकुशलता को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

(1) Payment are settled in systematic manner so that economy gets boost
(2) Payment and Settlement systems play an pivotal role in correcting economic efficiency
(3) Settlement of payment and systems are necessary for overall economic efficiency
(4) Payment and Settlement systems play an important role in improving overall economic efficiency
(5) Payment and Settlement methods play very important role in growth of overall economic efficiency

**प्र.7.** बैंकिंग जगत में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द **alleged disparity** का सबसे उपयुक्त हिंदी रूप चुनिए।

(1) आरोपित असमान (2) कथित असमानता (3) तथाकथित भिन्न
(4) ताकथित भिन्नता (5) आरोपित असंगति

**प्र.8.** बैंकिंग जगत में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द **किफाइती स्रोत** का सबसे उपयुक्त अंग्रेजी रूप चुनिए।

(1) economic means (2) low cost source (3) cost effective source
(4) effective source (5) low cost resource

**प्र.9.** संविधान सभा ने ------------ में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया था कि संघ की भाषा हिंदी होगी।

(1) 1976 (2) 1963 (3) 1955 (4) 1952 (5) 1949

## कंप्यूटर ज्ञान

यह प्रश्नावली आपके कंप्यूटर ज्ञान की जांच के लिये है ।

**प्र.1.** ------------ कंप्यूटर का एक आउटपुट डिवायस है ।

(1) प्रिन्टर (2) CPU (3) मानीटर (4) की बोर्ड (5) CD

**प्र.2.** RAM का पूरा रुप क्या है ?

(1) Random Adaptive Mouse (2) Random Adaptive Memory (3) Random Access Memory
(4) Random Access Mouse (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** असंगत का चयन कीजिए ।

(1) मॉनिटर (2) कुंजी पटल (3) फ्लापी ड्राइव (4) विन्डोज (5) हार्डडिस्क ड्राइव

## वर्णनात्मक प्रश्नावली

**प्रश्नपत्र में निम्न रूप से प्रश्न हो सकते हैं।**

1. अंग्रेज़ी से हिन्दी अनुवाद परिच्छेद
2. हिन्दी से अंग्रेज़ी अनुवाद परिच्छेद
3. राजभाषा अधिनियम/राजभाषा संबंधी संक्षिप्त उत्तर वाले विवरणात्मक प्रश्न
4. तकनीकी शब्दों का हिन्दी अनुवाद
5. तकनीकी शब्दों का अंग्रेज़ी अनुवाद

### 3. ऑनलाइन परीक्षा पैटर्न का विवरण: संचालन संबंधी अनुदेश

(1) उम्मीदवार के लिए एक लॉगइन स्क्रीन डिस्प्ले होगी । उम्मीदवार को प्रवेश पत्र पर मुद्रित लॉगइन ID और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए लॉगइन करना है ।

(2) अंग्रेज़ी भाषा की परीक्षा केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध कराई जाएगी। तर्कशक्ति व सामान्य ज्ञान की परीक्षा अंग्रेज़ी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएगी। व्यावसायिक ज्ञान (वस्तुनिष्ठ व वर्णनात्मक) की परीक्षा हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएगी। कुछ प्रश्न (अनुवाद संबंधी) अंग्रेज़ी और/या हिन्दी में (मिश्रित या दोनों) हो सकते हैं।

(3) उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल न. आदि) डिस्प्ले होगी और यदि प्रोफाइल सही हो तो उम्मीदवार 'I Confirm' बटन पर क्लिक करके पुष्टि करें। उसके बाद स्क्रीन पर अनुदेश प्रदर्शित होंगे । उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना है कि डिस्प्ले की गई प्रोफाइल उसी की है । यदि कोई विसंगति हो तो उसे परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा प्रशासक/निरीक्षक की जानकारी में लाएं ।

(4) पेपर I में सभी प्रश्नों के बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पाँच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार को सही उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना है जो उसे सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, मूल्यांकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" के साथ सबमिट किया हो अथवा "Marked for Review & Next" पर क्लिक किया हो** ।

(5) उम्मीदवार को अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना है तथा स्क्रीन पर नीचे की ओर दिए 'चेकिंग' बॉक्स क्लिक पर करके यह दर्शाना है कि उसने अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ लिए हैं । तब उसके बाद 'I am ready to begin' बटन एक्टिवेट हो जाता है ।

(6) 'I am ready to begin' बटन पर क्लिक करने के पश्चात परीक्षा का वास्तविक समय प्रारम्भ हो जाएगा ।

(7) एक समय पर एक ही प्रश्न दिखाई देगा ।

(8) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है । आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(9) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है:

1 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

2 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

3 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

4 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

5 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(10) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है:

क. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

ख. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'**> पर क्लिक कीजिए।

ग. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, के लिए तथा अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(11) वस्तुनिष्ठ उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(12) वस्तुनिष्ठ उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(13) उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना होगा ।

(14) चुना गया वस्तुनिष्ठ उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(15) पुनरीक्षण के लिए प्रश्न चिन्हित करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** के लिए चिन्हित प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(16) किसी वस्तुनिष्ठ प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(17) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।**

(18) स्क्रीन के टॉप बार पर सेक्शन्स डिस्प्ले किए जाएंगे । सेक्शन के नाम पर क्लिक करके सेक्शन्स के प्रश्न देखे जा सकते हैं । वर्तमान में आपके द्वारा देखा जाने वाला सेक्शन हाईलाइट हो जाएगा ।

(19) किसी सेक्शन के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली अगले सेक्शन के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे ।

(20) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(21) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार भा.रि.बैं.स.बो. द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओ में बैठने से वंचित किए जाने के लिए पात्र होगा।

(22) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(23) परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक) की समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। परीक्षा का समय समाप्त होने पर उम्मीदवार के उत्तर कंप्यूटर सिस्टम द्वारा स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(24) आप अपने साथ एक बॉल पॉइंट पेन अवश्य लाएँ । आपको कच्चे काम के लिए या उत्तर देने से पूर्व प्रश्नों को पुनरीक्षण हेतू चिन्हित करने के लिए एक कागज दिया जाएगा । वस्तुनिष्ठ परीक्षा हो जाने के बाद आप कागज के इस पन्ने को वर्णनात्मक परीक्षा के लिए भी रखे । वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक दोनों परीक्षाएं हो जाने के बाद, कच्चा काम करने के लिए आपको जो कागज का पन्ना दिया गया है उसे परीक्षा परिसर छोड़ कर जाने से पहले, परीक्षा प्रशासक को अवश्य लौटा दें ।

(25) **कृपया नोट करें :-**

(अ) **परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक) का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को** "फाइनली सबमिट" **करने नहीं दिया जाएगा ।**

(ब) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(क) वर्णनात्मक प्रश्नपत्र**

परीक्षा देने हेतु अलग से किसी लॉग-इन की आवश्यकता नहीं है। वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं के स्वतः जमा होने पर यह परीक्षा स्वतः शुरू हो जाएगी। प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे। उत्तर एक अलग उत्तर पत्र पर लिखने हैं जो इस उद्देश्य से प्रदान किया जाएगा। एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा।

**नोट : आप वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्नपत्रों के बीच में शफल नहीं कर पाएंगे ।**

**4. सबमिशन के बारे में -**

1. उम्मीदवारों को परीक्षा के पूर्ण समय की समाप्ति से पूर्व अपने उत्तरों को सबमिट करने की अनुमति नहीं होगी।

2. उम्मीदवार अपना उत्तर केवल 'सबमिट' से पूर्व ही बदल सकता/सकती है ।

3. परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः ही सेव कर लिए जाएंगे।

**5. सामान्य अनुदेश:**

(1) कृपया प्रवेश पत्र में दिए गए रोल नंबर, पासवर्ड, तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता को नोट करें । आपको प्रवेश पत्र जारी किया गया है इसका यह अर्थ नहीं है कि बोर्ड द्वारा आपकी उम्मीदवारी को अंततः स्वीकृति दे दी गई है अथवा परीक्षा के अपने आवेदन में आपके द्वारा भरी गई प्रविष्टियों को बोर्ड ने सत्य और सही मान लिया है । यह नोट कर लिया जाए कि ऑनलाइन/ऑफलाइन परीक्षा के परिणाम के आधार पर जो उम्मीदवार क्वालीफाई करेंगे, केवल उनके साक्षात्कार के समय पर बोर्ड पात्र उम्मीदवारों की आयु, शैक्षणिक योग्यता, और वर्ग (अनुसूचित जाति / जनजाति / अपिव / बैंचमार्क दिव्यांग / EWS) आदि का मूल दस्तावेजों के संदर्भ में सत्यापन करेगा । इसलिए आप कृपया यह नोट कर लें कि यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आप विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड की संतुष्टि नहीं करते हैं अथवा आवेदन में आपके द्वारा दी गई जानकारी गलत है तो ऐसी किसी कार्रवाई जिसे बोर्ड/भारतीय रिज़र्व बैंक करना चाहेगा के साथ आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी । आप कृपया नोट कर लें कि प्रवेश पत्र भारतीय रिज़र्व बैंक में रोजगार का प्रस्ताव नहीं है ।

(2) **परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।**

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाएं । (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) कृपया वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण **मूल रूप में** और इसकी **एक फोटोकापी** भी साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । इन दस्तावेजों के बिना आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा । कृपया प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में ड्राप बाक्स में डाल दें ।** वर्तमान में वैध निर्धारित फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ युक्त वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार काउंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा । स्टाफ उम्मीदवारों को RBI द्वारा जारी पहचान पत्र लाना होगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसे आपने पंजीकरण के दौरान दिया है) फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम से बिल्कुल मिलना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पर विशेष ध्यान दें । **प्रवेश पत्र पर और फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नाम में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा ।** उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्र अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दी जाएगी ।

(5) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा से पहले परीक्षा स्थल पर लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(6) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(7) परीक्षा के दौरान कैल्कुलेटरों (पृथक या घड़ी के साथ), पुस्तकों, नोट बुकों, लिखित नोट्स, पेजर, सेल फोन (कैमरे की सुविधा सहित या रहित) अथवा ऐसे ही इलेक्ट्रानिक संचार उपकरण आदि के प्रयोग की अनुमति **नहीं** होगी । उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि पेजर सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा स्थल पर न लाएं क्योंकि उनके सुरक्षा इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है । जो उम्मीदवार परीक्षा के दौरान किसी दूसरे उम्मीदवार से/को सहायता लेने/देने सहित किसी अनुचित साधन या कदाचार का सहारा लेते हुए पाया गया, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा । उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि दूसरा कोई उम्मीदवार उनके उत्तरों की नकल न कर सके ।

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाये गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ बोर्ड उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(9) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । आप अपने साथ स्याही स्टैम्प पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आप कागज का एक पृष्ठ दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आप कागज का यह पृष्ठ अभिजागर को सौंप दें।

(10) जो उम्मीदवार छल रूप धारण करने अथवा ऐसे जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने जिनके साथ छेडछाड की गई हो अथवा ऐसे बयान देने जो गलत या मिथ्या हों अथवा किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाने अथवा अन्यथा परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अन्य अनियमित या अनुचित माध्यम का प्रयोग करने अथवा परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करने अथवा प्रयोग करने का प्रयास करने अथवा परीक्षा कक्ष में दुर्व्यवहार करने का दोषी है या जिसे बैंक बोर्ड द्वारा दोषी घोषित किया गया है, उसे स्थायी रूप से अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के लिए -

- (i) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों के चयन हेतु ली जाने वाली किसी परीक्षा में प्रवेश अथवा साक्षात्कार में उपस्थिति से बोर्ड द्वारा, प्रतिबंधित होगा और
- (ii) बैंक द्वारा उसके रोजगार से प्रतिबंधित होगा, और
- (iii) यदि बैंक की सेवा में आ चुका हो, तो उचित नियमों के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई का भागी होगा ।

(11) **<u>बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए नोट :</u>**

- (i) परीक्षा के प्रत्येक घंटे हेतु बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/क्षतिपूरक समय केवल उन्हीं निःशक्तजनों को अनुमत किया जायेगा जिन्हें गति सहित लिखने, टाईप करने में शारीरिक रूप से असुविधा हो । तथापि परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/क्षतिपूरक समय, सभी दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को प्रदान किया जाएगा भले ही उन्होंने किसी स्क्राइब का विकल्प अपनाया हो या स्वयं लिखते हों या मैग्नीफायर जैसे उपकरणों की सहायता से स्वयं लिखते हों।
- (ii) जो बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार, स्क्राइब की सुविधा लेना चाहते हैं, आवश्यक अनुदेशों को **अवश्य** डाउनलोड कर लें और ध्यान से **पढ़** लें । इन्हें आरबीआई की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।
- (iii) ऐसे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सुविधा का प्रयोग करना चाहते हैं को एक संयुक्त वचनपत्र / घोषणा फार्म जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, प्रस्तुत करना होगा ।
- (iv) सभी दृष्टि बाधित उम्मीदवारों को स्क्रीन पर मैग्नीफायर की सुविधा का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी।
- (v) कोई भी उम्मीदवार जो स्क्राइब का उपयोग कर रहा है, उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह उपरोक्त दिशानिर्देशों के अनुसार परीक्षा में स्क्राइब का उपयोग करने के लिए पात्र है। उपरोक्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए स्क्राइब का उपयोग करने वाला कोई भी उम्मीदवार अयोग्य हो जाएगा और उसे बिना किसी सूचना के सेवा से हटाया जा सकता है, यदि वह पहले ही बैंक में शामिल हो चुका है।
- (vi) परीक्षा के दौरान, किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वतंत्र रूप से प्रश्नों का उत्तर दे रहा है, तो परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा, और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग करने वाले ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जाएगी यदि टेस्ट प्रशासक कर्मियों द्वारा परीक्षा के बाद यह बताया जाता है कि स्क्राइब ने स्वतंत्र रूप से प्रश्नों का उत्तर दिया है।

(12) RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2(एस) की परिभाषा के तहत कवर किए गए निर्दिष्ट दिव्यांग व्यक्तियों के लिए, लेकिन जिन्हें उक्त अधिनियम की धारा 2(आर) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए अर्थात 40% से कम दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई वाले व्यक्ति:

(i) परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट के प्रतिपूरक समय की अनुमति उन उम्मीदवारों को दी जा सकती है, जो RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2 (S) की परिभाषा के तहत निर्दिष्ट दिव्यांग हैं, लेकिन जो धारा 2 (R) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए हैं, अर्थात ऐसे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता 40% से कम हो और जिन्हें लिखने में कठिनाई हो और जो लेखन सहायक (स्क्राइब) की सुविधा का उपयोग करते हों।

(ii) ऐसे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सुविधा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें उनके लिए दिए गए निर्देशों को डाउनलोड कर ध्यान से पढ़ना होगा, जिसे आरबीआई की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(iii) इन उम्मीदवारों को परिशिष्ट-IV के प्रोफार्मा जो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उक्त भर्ती के विज्ञापन की विस्तृत सूचना के अंतर्गत उपलब्ध हैं; के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

(13) परीक्षा की व्यवस्था में कुछ समस्या आने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता जिससे परीक्षा की डिलिवरी तथा/अथवा परिणाम आने पर प्रभाव पड़ सकता है । ऐसी स्थिति में समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा जिसमें उम्मीदवारों का स्थानांतरण, परीक्षा में विलंब शामिल हैं । परीक्षा का पुनः आयोजन पूर्णतः भारिबैं सर्विसेज़ बोर्ड/परीक्षा संचालित करने वाले निकाय का निर्णय होगा । पुनः परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का कोई दावा नहीं होगा । जो उम्मीदवार स्थानांतरण अथवा विलंब से होने वाली परीक्षा में उपस्थित होना स्वीकार नहीं करेंगे उनकी उम्मीदवरी तुरंत रद्द कर दी जाएगी ।

(14) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती है तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की कठिनता स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(15) कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन परीक्षा में उम्मीदवार केवल एक बार उपस्थित हो सकता है । ऑनलाइन परीक्षा के एक से अधिक उपस्थिति के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी । यदि एक से अधिक प्रवेश पत्र तैयार किए गए हों तो उम्मीदवार केवल एक ही बार परीक्षा के लिए उपस्थित हों । अन्य सभी प्रवेश पत्र लौटा दें ।

(16) किसी भी रूप में परीक्षा की विषयवस्तु अथवा इसमें दी गई कोई जानकारी पूर्णतः अथवा अंशतः किसी भी साधन वाचिक अथवा लिखित, इलेक्ट्रॉनिकली अथवा यांत्रिक रूप से, प्रकट करने, प्रकाशित करने, प्रतिकृति करने, संचारित करने, स्टोर करने अथवा संचारित तथा स्टोर करने में सहायता करने का दोषी पाए जाने अथवा परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने अथवा वे उम्मीदवार जिनके कब्जे में अनाधिकृत रूप से परीक्षा सामग्री पाई जाए, पर अभियोग चलाया जाएगा ।

(17) भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवारों के अतिरिक्त सभी उम्मीदवारों को यात्रा एवं अन्य खर्च स्वयं वहन करना होगा । भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवार इस संबंध में अनुदेशों के लिए अपने-अपने कार्यालयों से संपर्क करें । बोर्ड उम्मीदवारों के भोजन/निवास की व्यवस्था नहीं करेगा ।

(18) अभ्यर्थी पंजीकरण में:

(i) अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा। ली गई फोटो आवेदन (प्रवेश पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।

(ii) फोटोग्राफ अभ्यर्थी के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा

(iii) अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा

(19) रफ शीट, प्रवेश पत्र और आईडी प्रूफ प्रबंधन

(i) यदि आवश्यक हो तो, प्रत्येक अभ्यर्थी की डेस्क पर रखी रफ शीट का प्रयोग अभ्यर्थी द्वारा किया जाए ।

(ii) वे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाते हैं, उन्हें प्रवेश पत्र और आईडी प्रूफ कॉपी के साथ स्क्राइब फॉर्म / **वचनपत्र** जमा करना होगा।

(iii) उम्मीदवार को कार्यक्रम स्थल छोड़ने से पहले पहचान पत्र की फोटोकॉपी के साथ रफ शीट, प्रवेश पत्र अभिजागर को सौंपना होगा।

(20) कृपया अगले पेज पर दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढ़े ।

## 6. याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :

आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) प्रवेश पत्र जिस पर फोटो चिपका हुआ हो और मूल फोटो पहचान कार्ड तथा उसकी फोटोकॉपी । स्टाफ उम्मीदवारों को भारतीय रिज़र्व बैंक पहचान पत्र और इसकी फोटोकॉपी लानी है ।

(2) एक बाल पाइंट पेन और एक स्टैम्प पैड ।

## 7. सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश:

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा

3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी**

   **क. मास्क**

   **ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**

   **ग. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला)**

   **घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र तथा बुलावा पत्र जिसके साथ आईडी कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल आईडी कार्ड)**

   **ड. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में - विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान /सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।

# शुभकामनाएं।